**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4184**
दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को उत्तर देने के लिए

## स्वाधार गृह योजना

**4184. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

क्या **महिला एवं बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वाधार गृह योजना के आरंभ होने से लेकर अब तक इसके अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों में आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत दादरा और नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश में जिला-वार कितने स्वाधार गृह स्थापित किए गए हैं;
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत दादरा और नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश सहित लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और
(घ) देश में उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए सरकार के साथ सहयोग करने वाले गैर-सरकारी संगठनों और स्व-सहायता समूहों की राज्य-वार विशेषकर दादरा और नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश में संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (घ):** व्यापक 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत, कठिन परिस्थितियों में रह रही महिलाओं के लिए 'स्वाधार गृह' और मानव दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए 'उज्जवला गृह' जैसी पूर्ववर्ती योजनाओं को विलय कर दिया गया है और इन्हें 'शक्ति सदन योजना' के रूप में जाना जाता है, जो मानव दुर्व्यापार की शिकार महिलाओं सहित संकटपूर्ण परिस्थितियों में रह रही महिलाओं के लिए एकीकृत राहत और पुनर्वास गृह है। इसका

उद्देश्य ऐसी कठिन परिस्थितियों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाना है, ताकि वे प्रतिकूल परिस्थितियों से उबरने में समर्थ हो सकें।

शक्ति सदन योजना मांग आधारित केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसके अंतर्गत योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीधे निधियां जारी की जाती हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अपनी आवश्यकता का आकलन करते हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ चर्चा के बाद प्रस्तावों को कार्यक्रम अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा अनुमोदित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत किराए के परिसर में शक्ति सदन चलाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

शक्ति सदन के संबंध में पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जारी निधियां **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं। दादरा एवं नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश में कार्यशील शक्ति सदनों की जिलावार संख्या **अनुलग्नक-II** में दी गई है। वर्तमान में दादरा एवं नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश सहित शक्ति सदन योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाली महिलाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

*****

अनुलग्नक-I

**स्वाधार गृह योजना के संबंध में माननीय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4184 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में अनुलग्नक।**

## पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जारी निधियां – शक्ति सदन

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22* | 2022-23** | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | 7.26 | 0 | 0 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 1160.82 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 11.83 | 0 | 0 |
| 4. | असम | 0 | 138.60 | 1852.12 |
| 5. | बिहार | 0 | 0 | 0 |
| 6. | चंडीगढ़ | 0 | 26.82 | 0 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 20.75 | 0 | 100.61 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 0 | 0 | 0 |
| 9. | दिल्ली | 0 | 0 | 62.19 |
| 10. | गोवा | 0 | 0 | 0 |
| 11. | गुजरात | 0 | 0 | 0 |
| 12. | हरियाणा | 0 | 0 | 0 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 9.13 | 3.23 | 35.95 |
| 14. | जम्मू एवं कश्मीर | 25.64 | 0 | 67.24 |
| 15. | झारखंड | 0 | 0 | 94.76 |
| 16. | कर्नाटक | 639.98 | 0 | 1128.17 |
| 17. | केरल | 46.02 | 0 | 49.46 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18. | लद्दाख | 0 | 0 | 0 |
| 19. | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 74.35 | 23.17 | 341.52 |
| 21. | महाराष्ट्र | 0 | 0 | 338.19 |
| 22. | मणिपुर | 0 | 1062.38 | 2889.94 |
| 23. | मेघालय | 20.74 | 0 | 0 |
| 24. | मिजोरम | 137.69 | 0 | 304.59 |
| 25. | नागालैंड | 0 | 0 | 52.34 |
| 26. | ओडिशा | 473.83 | 132.38 | 246.10 |
| 27. | पुद्दुचेरी | 10.80 | 0 | 24.57 |
| 28. | पंजाब | 0 | 0 | 0 |
| 29. | राजस्थान | 0 | 0 | 117.02 |
| 30. | सिक्किम | 10.65 | 0 | 38.31 |
| 31. | तमिलनाडु | 0 | 0 | 1517.08 |
| 32. | तेलंगाना | 0 | 0 | 634.84 |
| 33. | त्रिपुरा | 49.28 | 0 | 121.79 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 90.2 | 158.25 | 0 |
| 35. | उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 218.85 | 0 | 720.36 |
| | **कुल** | **1847.00** | **1544.83** | **11897.97** |
| | | | | |

*स्वाधार गृह के लिए जारी

**दिनांक 01.04.2022 से शक्ति सदन के नाम से जाना जाता है।

**अनुलग्नक-II**

**स्वाधार गृह योजना के संबंध में माननीय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4184 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में अनुलग्नक।**

**<u>दादरा एवं नगर हवेली तथा मध्य प्रदेश में कार्यशील शक्ति सदनों की जिलावार संख्या</u>**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **जिले का नाम** | **कार्यशील शक्ति सदन की संख्या** * |
|---|---|---|---|
| 01 | दादरा और नगर हवेली | कोई शक्ति सदन कार्यशील नहीं है | 0 |
| 02 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 2 |
| | | बैतुल | 1 |
| | | छिंदवाड़ा | 1 |
| | | मंडला | 1 |
| | | मुरैना | 1 |
| | | छतरपुर | 1 |
| | | उज्जैन | 1 |
| | | जबलपुर | 1 |
| | | बालाघाट | 1 |
| | | ग्वालियर | 1 |
| | | राजगढ़ | 1 |
| | | होशंगाबाद | 1 |
| | | खंडवा | 1 |
| | | कुल | **14** |

***राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार**

**अनुलग्नक-III**

**स्वाधार गृह योजना के संबंध में माननीय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4184 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में अनुलग्नक।**

**शक्ति सदन योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाली महिलाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **शक्ति सदन** |
|---|---|---|
| | | **लाभार्थियों की संख्या#** |
| 1. | अंडमान और निकोबार | 0 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 950 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 66 |
| 4. | असम | 241 |
| 5. | बिहार | 0 |
| 6. | चंडीगढ़ | 09 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 209 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 0 |
| 9. | दिल्ली | 115 |
| 10. | गोवा | 5 |
| 11. | गुजरात | 0 |
| 12. | हरियाणा | 0 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 11 |
| 14. | जम्मू और कश्मीर | 38 |
| 15. | झारखंड | 504 |
| 16. | कर्नाटक | 998 |
| 17. | केरल | 235 |
| 18. | लद्दाख | 0 |
| 19. | लक्षद्वीप | 0 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 205 |
| 21. | महाराष्ट्र | 902 |
| 22. | मणिपुर | 325 |
| 23. | मेघालय | 41 |
| 24. | मिजोरम | 270 |
| 25. | नागालैंड | 22 |
| 26. | ओडिशा | 3052 |
| 27. | पुद्दुचेरी | 35 |
| 28. | पंजाब | 21 |
| 29. | राजस्थान | 219 |
| 30. | सिक्किम | 34 |
| 31. | तमिलनाडु | 1422 |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | तेलंगाना | 324 |
| 33. | त्रिपुरा | 72 |
| 34. | उत्तराखंड | 0 |
| 35. | उत्तर प्रदेश | 0 |
| 36. | पश्चिम बंगाल | 871 |
| | **कुल** | **11196** |

#राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार।

****